-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज बांदा में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र व जिलाधिकारी बांदा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया "शक्ति संगम"। शक्ति संगम में विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल, इंजीनियरिंग व महाविद्यालय की छात्राएँ रही उपस्थित।**
- **शक्ति संगम के दौरान विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों/ कर्मचारियों, छात्राओं तथा सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया गया सम्मानित।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन **श्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में व्यापक पैमाने पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज दिनांक 29.09.2025 को **बांदा पुलिस** की ओर **से मेडिकल कॉलेज बाँदा** में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस0 तथा जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा की अध्यक्षता में एक सशक्त और प्रेरणादायक कार्यक्रम **"शक्ति संगम"** का आयोजन किया गया। **"शक्ति संगम"** कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था। शक्ति संगम का शुभारम्भ श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस0, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा तथा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शक्ति संगम में नारी शक्ति और नेतृत्व क्षमता का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करती हुई जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासू तथा अन्य महिला अधिकारी/कर्मचारी महिलाओं की प्रेरणा स्रोत बनीं। इस अवसर पर **विभिन्न विभागों जैसे पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग (महिला शिक्षक), स्वास्थ विभाग (महिला चिकित्सक तथा मेडिकल व पैरामेडिकल की छात्राएं), समाज कल्याण विभाग, पंचायतीराज विभाग की महिला अधिकारियो/कर्मचारियों के साथ साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग** एवं **महाविद्यालयों की छात्राओं तथा अखण्ड हिंद फौज की महिला कैडेट्स** ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। **शक्ति संगम** न केवल महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि यह मंच आपसी संवाद, प्रेरणा और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक भी रहा। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं तथा छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, शिक्षा और नेतृत्व जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। इस अवसर पर **डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र** ने मिशन शक्ति की सफलता हेतु सभी को संकल्पित किया तथा कहा कि **"हमारी महिलाएँ केवल सशक्त नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला हैं। उन्हें उचित मंच और अवसर देना हमारी प्राथमिकता है।"** अपने संबोधन जिलाधिकारी बांदा ने कहा कि **"महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा हर योजना एवं कार्यक्रम तक उनकी पहुंच स्थापित की जा रही है।"** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल ने कहा कि **"मिशन शक्ति न केवल महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक बड़ी पहल है, साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का भी एक प्रयास है।"**

कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों/कर्मचारियों एवं **सराहनीय योगदान देने वाले कर्मियों** को **सम्मानित** किया गया। सम्मान पाने वालों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, प्रशासन, अभियोजन एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों की प्रतिनिधियों को शामिल किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों से समाज में एक मिसाल कायम की है। श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा की प्रसंशा करते हुए कहा कि हाल ही में थाना चिल्ला से संबंधित एक प्रकरण में अभियुक्त को अत्यन्त कम दिनों में मृत्युदंड की सजा दिलाई गई, जो कि नए आपराधिक कानून **भारतीय न्याय संहिता-2023** के तहत पूरे भारत में मृत्युदंड की पहली सजा है। **शक्ति संगम कार्यक्रम की रुप रेखा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा तैयार की गई तथा अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में इसकी तैयारियों को अंजाम दिया गया**। शक्ति संगम के दौरान के मार्शल प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित छात्राओं के सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया गया जो उन्हे आपात परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा के लिए सशक्त बनाता है। कार्यक्रम इंजीनियरिंग कॉलेज(KCNIT), कृषि विश्वविद्यालय, महिला डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज की छात्राओं द्वारा नारी शक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आ कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन मिशन शक्ति अभियान की भावना के अनुरूप रहा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया एवं नारी सशक्तिकरण को नई दिशा मिली।